आज समाज 25/09/2025

# डिजिटल अर्थव्यवस्था की सुरक्षा, युवाओं में साइबर सुरक्षा की जागरूकता पर निर्भर करती है: डॉ. रोहित

**आज समाज नेटवर्क**



उपस्थिति को संबोधित करते मुख्यवक्ता।

**अंबाला।** गांधी मेमोरियल नेशनल कॉलेज, अंबाला कैंट में आज अर्थशास्त्र विभाग के सौजन्य से युवाओं में साइबर सुरक्षा फॉर टीन्स और भारत की अर्थव्यवस्था विषय पर एक विशेष व्याख्यान का आयोजन किया गया। इस अवसर पर आईएसएसी फाउंडेशन के साइबर क्राइम इंटरवेंशन ऑफिसर एवं एलनिनो इंटरनेशनल प्री स्कूल के निदेशक डॉ. गौरव खन्ना मुख्य वक्ता के रूप में उपस्थित रहे। उन्होंने साइबर सुरक्षा से जुड़े समकालीन मुद्दों तथा उनके भारतीय अर्थव्यवस्था पर पड़ने वाले व्यापक प्रभावों पर विद्यार्थियों को मूल्यवान जानकारी प्रदान की। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में छात्र-छात्राओं ने भाग लिया और डिजिटल युग में साइबर सुरक्षा की अनिवार्यता को गहराई से समझा। कॉलेज के प्राचार्य डॉ. रोहित दत्त ने अपने संबोधन में कहा: ह्लआज के डिजिटल युग में साइबर सुरक्षा केवल व्यक्तिगत सुरक्षा तक सीमित नहीं है, बल्कि यह राष्ट्रीय सुरक्षा और आर्थिक विकास का भी अभिन्न अंग है। भारत तीव्र गति से डिजिटल अर्थव्यवस्था की ओर अग्रसर है और इस यात्रा को सुरक्षित बनाने के लिए युवाओं का जागरूक और सक्षम होना अत्यंत आवश्यक है। ऐसे व्याख्यान न केवल छात्रों को अद्यतन जानकारी प्रदान करते हैं, बल्कि उन्हें भविष्य की डिजिटल चुनौतियों का सामना करने के लिए भी तैयार करते हैं। कॉलेज प्रशासन सदैव प्रयासरत है कि विद्यार्थियों को समकालीन एवं व्यावहारिक विषयों पर विशेषज्ञों से मार्गदर्शन प्राप्त हो। उन्होंने इस कार्यक्रम की सफलता के लिए कॉलेज की प्राध्यापिका एवं कार्यक्रम की संयोजक मिस गीति बिंद्रा को प्राचार्य डॉ.रोहित दत्त बधाई दी। कार्यक्रम के व्याख्यान को चलचित्र की रूप में संरक्षित करने का कार्य कॉलेज के जनसंचार एवम दृश्य उत्पादन विभाग के विद्यार्थियों ने किया।